# कुलसचिव कार्यालय
## बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बाँदा-210001, उ०प्र०
## Banda University of Agriculture & Technology, Banda-210001, U.P.
Tele Fax No:- 05192-232305 Ph-05192-232312; website: buat.edu.in email-registrar.buat@gmail.com


पत्रांकः 123 / बीयूएटी / कु0स0 / 2023 दिनांकः 21 / 02 / 2023

## आवश्यक सूचना

सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदनोपरान्त उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (UPCATET) 2022 में M.V.Sc. पाठ्यक्रम में आवेदन करने वाले प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण (Qualified) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि M.V.Sc. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑफलाइन काउंसलिंग का आयोजन निम्नलिखित विवरणानुसार किया जा रहा हैः

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी द्वारा आफलाइन काउन्सिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन फीस आनलाइन जमा करना | 24–25 फरवरी, 2023 | शाम 05:00 बजे तक |
| 2 | आफलाइन काउन्सिलिंग के लिए काउन्सिलिंग लेटर डाउनलोड करना | 26–27 फरवरी, 2023 | – |
| 3 | बीयूएटी, बांदा कैम्पस में रिपोर्टिंग | 28 फरवरी, 2023 | सुबह 9.30 बजे तक |
| 4 | ऑफलाइन काउन्सिलिंग | 28 फरवरी, 2023 | दोपहर 12.30 बजे तक |
| 5 | काउन्सिलिंग में आवन्टित अभ्यर्थियों को सम्बंन्धित विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं पंजीकरण किया जाना | 2 मार्च, 2023 | सुबह 9.30 बजे से |
| **नोट– M.V.Sc की ऑफलाइन काउन्सलिंग के उपरान्त सीट रिक्त रह जाने पर विशेष ऑफलाइन काउन्सिलिंग दिनांक 28.02.2023 को ही अपरान्ह 2 बजे से कराया जायेगा।** | | | |

अभ्यर्थी वेबसाइट www.upcatetexam.org पर जाकर नियमानुसार ऑफलाइन काउंसलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं।

भवदीय

(एस0के0 सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. अपर मुख्य सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. कुलपति, कृषि वि0वि0 बांदा / कानपुर / मेरठ / अयोध्या के तकनीकी सचिव / वैयक्तिक सहायक को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कानुपर / मेरठ / आयोध्या

21.02.2023
कुलसचिव

# ऑफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंग हेतु दिशा–निर्देश

1 आफलाइन काउंसललिंग में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी को लॉगिन करके आनलाइन के माध्यम से काउंसलिंग पंजीकरण शुल्क 500.00 (रूपये पॉच सौ मात्र) जमा करना होगा । निर्धारित तिथि में काउंसलिंग पंजीकरण शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थी आफलाइन काउंसलिंग में प्रतिभाग कर सकते है।

2 रैंक के अनुसार निर्धारित काउंसलिंग एवं रिपोर्टिंग तिथि काउंसलिंग लेटर डाउनलोड करने के साथ जारी किया जायेगा ।

3 आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंगहेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में प्रवेश का कोई दावा मान्य नही होगा।

4 आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंग के समय काउन्सिलिंग पत्र, फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रमूलरूप में लाना अनिवार्य है सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ–साथ एक–एक प्रमाणित फोटो कापी प्रस्तुत करनी होगी। बिना मूल प्रमाण पत्रों के आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान नही किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यार्थी सूचना विवरणिका यूपीकैटेट–2022 को ध्यानपूर्वक पढ़े।

5 पेमेन्ट सीट पर स्वेच्छा से प्रवेश लेने सम्बन्धी नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र रू0 10.00 नान जूडिशियल स्टैम्प पेपर पर प्रस्तुत करना होगा।

6 अभ्यर्थी के हस्ताक्षर आवदेन पत्र पर किए गये हस्ताक्षर से मिलना आवश्यक है।

7 अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र पर चस्पा किए किये फोटो का मिलान परीक्षा के समय खींचे गये फोटो से किया जायेगा। फोटो से मिलान ना होने की दशा में आपका आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

8 रिपार्टिंग/कौन्सिलिंग में बुलाये जाने का यह तात्पर्य नही है कि आपको प्रवेश मिल ही जायेगा। जिस मेरिट स्तर पर समस्त सीटें भर जाएगी वहीं कौन्सिलिंग समाप्त हो जायेगी।

9 प्रवेश परीक्षा की मेरिट के अनुसार प्रवेश के स्तर पर पहुॅचने एवं प्रमाण–पत्रों की जॉच के उपरान्त यदि आप प्रवेश के लिए उपयुक्त पाये गये तो प्रवेश के समय निम्नलिखित शुल्क जमा करना होगा। शेष शुल्क जिस विश्वविद्यालय में आपने प्रवेश पाया है, वहॉ पर जमा कराना होगा।

(क) प्रवेश हेतु प्रत्येक श्रेणी के अभ्यर्थी को सिक्योरिटी शुल्करू0 5000.00 (रू. पॉच हजार मात्र) की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट **"Comptroller, BUAT, Banda" के पक्ष में तैयार किया जायेगा एवं जिसका भुगतान भारतीय स्टेट बैंक की बाँदा शाखा** पर देय होगा।

(ख) ऐसे अभ्यर्थी जो पेड सीट (Paid Seat) अथवा एन0आर0आई0/एन0आर0आई0 स्पोन्सर्ड (NRI/NRI Sponsored)सीट पर प्रवेश चाहते है उन्हें उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा–2022 की सूचना विवरणिका के पृष्ठ 58–60 पर उल्लेखित विवरण के अनुसार पेमेन्ट/एन0आर0आई0/एन0आर0आई0स्पोन्सर्ड सीट की निर्धारित धनराशि का बैंक ड्राफ्ट **"Comptroller, BUAT, Banda"के पक्ष में तैयार किया जायेगा एवं जिसका भुगतान भारतीय स्टेट बैंक की बाँदा शाखा** पर देय होगा।इस सम्बंध में नगद भुगतान स्वीकार नही किया जायेगा।

**(ग) उक्त बैंक ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक का ही मान्य होगा।**

10 यदि किसी अभ्यर्थी को प्रथम अथवा द्वितीय आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से सीट आवंटन हुआ था एवं उसने विश्वविद्यालय में जाकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लिया था तो ऐसे अभ्यर्थी को आफलाइन काउंसलिंग के समयसिक्योरिटी शुल्क रू0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य नही होगा । ऐसे अभ्यर्थी को आनलाइन के माध्यम से जारी आवंटन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

11 आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंगहेतु अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से कोई सूचना प्रेषित नही की जायेगी बल्कि आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंगपत्र एवं अन्य सूचना वेबसाइट पर डाल दी जायेगी। यह अभ्यर्थी का दायित्व होगा कि वह नियमित रूप से वेबसाइट देखता रहे और अपना आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंगपत्र डाउन लोड करके आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंग में भाग लें। यदि कोई अभ्यर्थी आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंगपत्र के अभाव में आफलाइन काउन्सिलिंग/रिपोर्टिंगमें भाग नही लेता है तो इसके लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा। नगद भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रवेश शुल्क किसी भी दशा में वापस नही किया जायेगा।

## ऑफलाइन काउन्सिलिंग हेतु पात्र अभ्यर्थी

1. ऑफलाइन काउन्सिलिंग में ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते है जिन्होने प्रथम या द्वितीय काउन्सिलिंग में आवंटित विश्वविद्यालय में पहुंच कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की हो तथा अपग्रेडेशन हेतु आवेदन किया, परन्तु उनको अपग्रेडेशन के द्वारा कोई सीट आवंटित नहीं हो सकी या अपग्रेडेशन का लाभ नहीं मिला हो।
2. ऑफलाइन काउन्सिलिंग में ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते है जिन्होने पूर्व (प्रथम / द्वितीय) ऑनलाइन काउन्सिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया था।
3. ऑफलाइन काउन्सिलिंग में ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते है जिन्होने पूर्व (प्रथम / द्वितीय) ऑनलाइन काउन्सिलिंग में प्रतिभाग किया था परन्तु उनको सीट आवंटित नहीं हुयी थी।
4. ऑफलाइन काउन्सिलिंग में ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते है जिन्होने पूर्व (प्रथम / द्वितीय) काउन्सिलिंग में आवंटित विश्वविद्यालय में पहुंच कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर अपग्रेडेशन हेतु आवेदन किया था।
5. प्रथम या द्वितीय काउन्सिलिंग में किसी अभ्यर्थी को सीट आवंटित हुई थी परन्तु वह किसी कारणवश प्रवेश नहीं ले पाये थे।
6. ऑफलाइन काउन्सिलिंग में ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते है जिन्होने अपग्रेडेशन के द्वारा आवंटित सीट पर किन्ही कारणवश प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण नहीं की हो।

**नोटः–**

1. यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त वांछित प्रमाण–पत्र में से कोई भी प्रमाण–पत्र आफलाइन काउन्सिलिंग / रिपोर्टिंगके समय प्रस्तुत नहीं करता है अथवा वांछित शुल्क नहीं जमा करता है तो उसे मेरिट में रहते हुए भी प्रवेश नहीं दिया जायेगा और उसके नीचे की मेरिट वाले अभ्यर्थी को अवसर प्रदान कर दिया जायेगा।
2. कोविड–19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सभी अभ्यर्थियों को मास्क लगाना, सैनिटाइजर रखना एवं सामाजिक दूरी बनाये रखना आवश्यक होगा ।
3. आफलाइन काउन्सिलिंग से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यार्थी सूचना विवरणिका यूपीकैटेट–2022 को ध्यानपूर्वक पढ़े, तदानुसार अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
4. **अभ्यर्थी अधिकारिक वेबसाइट www.upcatetexam.org कृपया वेबसाइट का अवलोकन निरन्तर करते रहें।**

**कुलसचिव**